**बिहार सरकार**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

पत्रांक – प्र06–रा0कू0मुद्रण–01 / 15 (खंड) 4229 खाद्य, पटना / दिनांक – 27.05.15

प्रेषक,

रमाशंकर प्र0 दफ्तुआर,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय :– राशन एवं किरासन कूपन वितरण के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि विभागीय पत्रांक 4006 दिनांक 18.05.2015 के द्वारा वर्ष 2015–16 के लिए लाभूकों को राशन एवं किरासन कूपन वितरण हेतु वृहत दिशा–निर्देश दिये गये है । इस वर्ष माह जुलाई, 2015 से माह जून, 2016 तक के लिए लाभुक परिवारों को नया बार कोडेड कूपन के आधार पर अनाज एवं किरासन तेल उपलब्ध कराया जाना है, जिसके लिए कूपन का मुद्रण कराया जा रहा है । कूपन प्रिंटर्स द्वारा सीधे सभी जिलों को उपलब्ध कराया जाएगा। तत्काल कुछ जिलों में मुद्रित कूपन उपलब्ध कराये जाने की सूचना भी प्रिंटर्स द्वारा दी गई है ।

अतः राशन एवं किरासन कूपन के वितरण हेतु रोस्टर तैयार करते हुए जिले में विभिन्न श्रेणी के कितने लाभुकों को इसका वितरण किया गया इसकी सूचना विभाग को प्रतिदिन पूर्वाहन 11.00 बजे (पिछले दिन का कूपन वितरण का प्रतिवेदन) निम्न प्रपत्र के अनुसार विभाग को ई–मेल / फैक्स / दूरभाष सं0–0612– 2210902 पर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ।

**कूपन वितरण का दैनिक प्रतिवेदन**

जिला का नाम दिनांक

| श्रेणीवार प्राप्त कूपन की सं0 | | | | | श्रेणीवार वितरित कूपन की सं0 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी0एच0 एच0 | अन्त्योदय | किरासन | अन्नपूर्णा | कुल प्राप्त कूपन की सं0 | पी0एच0 एच0 | अन्त्योदय | किरासन | अन्नपूर्णा | कुल वितरित कूपन की सं0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |

विश्वासभाजन,

ह0/- 27.5.15
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक– प्र06–रा0कू0मुद्रण–01 / 15(खंड) 4929 खाद्य, पटना / दिनांक –27.05.15

प्रतिलिपि – सभी प्रमंडलीय आयुक्त / अपर जिला दंडाधिकारी आपूर्ति, पटना / विशिष्ट पदाधिकारी, अनुभाजन पटना / सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/- 27.5.15
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक– प्र06–रा0कू0मुद्रण–01 / 15(खंड) 4229 खाद्य, पटना / दिनांक –27.05.15

प्रतिलिपि – माननीय मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

ह0/- 27.5.15
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक– प्र06–रा0कू0मुद्रण–01 / 15(खंड) 4229 खाद्य, पटना / दिनांक – 27.05.15

प्रतिलिपि – श्री श्याम किशोर, पणन पदाधिकारी एवं श्री कौशल किशोर मंडल, आपूर्ति निरीक्षक, मुख्यालय को प्रतिदिन दूरभाष पर सभी जिलों से वांछित सूचनाएँ प्राप्त करके समेकित करते हुए अधोहस्ताक्षरी को अप0 01.00 बजे तक उपस्थापित करने हेतु प्रेषित ।

ह0/- 27.5.15
सरकार के संयुक्त सचिव ।

D:\Year 2011\Section _06\R cupan.doc